Std. V. (L 10.सम्राट पेंग्विन)Hindi Lit

शब्दार्थ---

दुविधा---असमंजस

छितर जाना ---बिखर जाना

अनुकूलित---अनुसार

आवरण----ढका हुआ

आहार---भोजन

उस्ताद---कुशल

घातक----हानिकारक

QN I. इन प्रश्नों के उत्तर दें:---

प्रश्न 1.पेंग्विन और मनुष्य में क्या समानता है?

उत्तर--- पेंग्विन के हाव-भाव मनुष्य जैसे होते हैं।मनुष्य के ही समान ये शरीर और सिर को सीधा रखकर दो पैरों पर चलती हैं। इनकी चाल पैर घसीट कर चल रहे मनुष्य के समान होती है।

प्रश्न 2. पेंग्विन ज़मीन पर किस प्रकार चलती हैं?

उत्तर--- पेंग्विन ज़मीन पर शरीर तथा सिर को सीधा रख कर दो पैरों को घसीट कर मटक- मटक कर चलती हैं।

प्रश्न 3 .पर यानी पंख पेंग्विन को क्या मदद पहुँचाते हैं?

उत्तर ---पेंग्विन के शरीर पर पंखों की तीन परतें होती हैं ।इनके पंखों पर तेल फैला होने के कारण इनका शरीर गीला नहीं होता तथा ये पंख इनके शरीर को गर्म रखने में भी मदद करते हैं। पेंग्विन तैरने के लिए अपने पंखों को चप्पू के समान चलाती हैं।

प्रश्न 4 .क्या मनुष्य अंटार्कटिका में रह सकता है? उत्तर का कारण भी दीजिए ।

उत्तर --- नहीं ,मनुष्य अंटार्कटिका में नहीं रह सकता है क्योंकि वहाँ चारों तरफ़ बर्फ़ ही बर्फ़ होती है तथा इस बर्फ़ीली ठंड में मनुष्य का जीवन असंभव है ।

प्रश्न 5. पेंग्विन शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

उत्तर-- पेंग्विन शब्द लेटिन भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ है चर्बी या मोटापा।

प्रश्न 6. जहाज़ के मल्लाह किस दुविधा में पड़ गए थे ?

उत्तर --जब जहाज़ के मल्लाहों ने देखा कि टापू पर एक पूरी सेना खड़ी है तो मल्लाह दुविधा में पड़ गए कि अगर टापू पर उतरेंगे तो वहाँ खड़ी सेना उन्हें शत्रु समझकर मार न दे।

प्रश्न 7. पेंग्विन समुद्री शत्रुओं से बचने के लिए क्या उपाय करती हैं ?

उत्तर--- पेंग्विन समुद्री शत्रुओं से बचने के लिए बहुत तेज़ तैरती हैं तथा अपने शरीर के काले और सफेद रंग का भी लाभ उठाती हैं ।पीठ काली होने के कारण सागर की सतह पर अपनी काली पीठ नीचे और सफ़ेद पेट ऊपर कर छिप जाती हैं।उसका काला रंग सागर की गहराई में घुल -मिल जाता है तथा सफ़ेद पेट आसमान की चमक में मिल जाता है ।

प्रश्न 8.ग्लोबल वार्मिंग किस प्रकार पेंग्विनों के लिए घातक बन रहा है?

उत्तर -- अंटार्कटिका ही पेंग्विनों का आवास है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण अंटार्कटिका की बर्फ़ पिघल रही है ,जिससे पेंग्विनों का प्राकृतिक आवास तथा जीवन ख़तरे में पड़ गया है। मौसम परिवर्तन के कारण अंटार्कटिका में बारिश होनी शुरू हो जाएगी जो पेंग्विनों के लिए घातक होगी।

Qn II .एक वाक्य में उत्तर दें :---

प्रश्न 1. पेंग्विन अपनी कौन - सी क्षमता खो चुकी हैं ?

उत्तर --पेंग्विन अपनी उड़ने की क्षमता खो चुकी हैं।

प्रश्न 2. पंख होते हुए भी पेंग्विन क्यों नहीं उड़ सकती ?

उत्तर ---पंख होते हुए भी पेंग्विन नहीं उड़ सकती, क्योंकि उनका शरीर समुद्री जीवन के अनुकूल हो गया है ।

प्रश्न 3 .पेंग्विन का पसंदीदा भोजन क्या है?

उत्तर -- पेंग्विन का पसंदीदा भोजन ऑक्टोपस है ।

प्रश्न 4 .पेंग्विन का शरीर गीला क्यों नहीं होता?

उत्तर -- पंखों पर तेल फैला होने के कारण पेंग्विन का शरीर गीला नहीं होता ।

QN . III . भाषा संसार ----

I . दो -दो पर्यायवाची लिखें :--

शरीर -- तन ,काया

सम्राट -- नरेश ,नृप

मल्लाह--- पोतवाह ,नाविक

तट --- कूल ,किनारा

समुद्र ---- जलधि, सागर

सेना- --- फ़ौज, लश्कर

II.विशेषण शब्द के लिए उचित संज्ञा शब्द लिखें:---

विशेषण ---- संज्ञा

बेढंगी --- चाल

समुद्री --- जीवन

कुशल ---- तैराक

मधुर ---- याद

वीर ---- सैनिक

मोटा ---- आवरण